# गौ सेवा सबसे उत्तम सेवा है- राज्यपाल 15-10-2017

कैथल, 15 अक्तूबर ( ) हरियाणा के राज्यपाल श्री कप्तान सिंह सोलंकी ने कहा कि गौ सेवा सबसे उत्तम सेवा है तथा गाय, गंगा, गणेश, गीता और गायत्री मंत्र पांच ग से जुडक़र जो लोग व्यवहार और संदेश को जीवन में आत्मसात करते हैं, उन्हें भगवान से मोक्ष की जरूरत नहीं, अपितू उनके जीवन में मोक्ष अपने आप आएगा।

श्री कप्तान सिंह सोलंकी आज गांव बाबालदाना में मठ बाबा लदाना गऊशाला का शिलान्यास करने, भूमि पूजन करने के बाद समारोह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि यह गऊशाला 10 एकड़ भूमि में बनाई जाएगी तथा एक आदर्श गऊशाला का रूप लेगी। उन्होंने कहा कि यह मठ काफी पुराना है। मठ जितना पुराना है, उतनी ही इस मठ की श्रद्धा व आस्था अटूट व पुरानी है, जिसके अनुयायी हरियाणा, पंजाब व अन्य राज्यों में भी रहे हैं। उन्होंने महाराज राजपुरी को स्मरण करते हुए कहा कि ऐसे महंत अध्यात्मिकता को समर्पित होते हुए भारतीय संस्कृति का हमेशा प्रचार-प्रसार करते रहे। उन्होंने कहा कि महंत तोतापुरी तथा स्वामी विवेकानंद ने शिकागों में भाषण देकर पूरे विश्व को हिला दिया था। रामकृष्ण परमहंस तोतापुरी ऐसे महंत हुए हैं, जिन्होंने इस संस्कृति को आगे बढ़ाया। इस मठ के प्रमुख दुजपुरी उसी परम्परा व पहचान को लेकर समस्त समाज को जागरूक करने के साथ-साथ मार्ग दर्शन कर रहे हैं।

राज्यपाल ने कहा कि हरियाणा सरकार बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ के मिशन को लेकर अनेकों योजनाएं चला रही है, उसी प्रकार यह मठ बेटियों की शिक्षा के लिए मिडल स्कूल स्थापित करके शिक्षा प्रसार में महत्वपूर्ण योगदान दे रहा है। उन्होंने कहा कि देश की प्रगति में बेटियों व महिलाओं का विशेष स्थान है। हरियाणा में बेटियां हर क्षेत्र में आगे हैं। यहां तक की शिक्षा, खेल, पैरा ओलम्पिक, रियो ओलम्पिक के खेलों में भी बेटियां अग्रसर रहने के साथ-साथ कुश्ती के खेल में भी अग्रणी रही है। हरियाणा प्रदेश में बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ कार्यक्रम के तहत अनेक क्षेत्रों में गंभीरता से प्रयास किए गए हैं, जिसके कारण प्रदेश का लिंगानुपात 850 से बढक़र 905 तक पहुंच गया है और अगले एक वर्ष में यह 950 का आंकड़ा छू जाएगा।

श्री कप्तान सिंह सोलंकी ने कहा कि साधु, संत और सन्यासी वो नही जो एक कमरे में बैठकर भक्ति करते हैं, बल्कि साधु सन्यासी वो हैं, जो समाज का उत्थान करके समाज को सही दिशा देते हैं। उन्होंने कहा कि बाबा राजपुरी का मठ, जिसके गद्धीनशीन अब बाबा दुजपुरी हैं, गौ सेवा को समर्पित है और इसके अध्यक्ष मुकेश जैन, उपाध्यक्ष अमित शर्मा व आरडी शर्मा गौ सेवा के लिए प्रयास कर रहे हैं। उन्होंने उपस्थित लोगों को दीपावली की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह दीपों का त्यौहार हम सभी के जीवन में सुख समृद्धि लेकर आए। इससे पूर्व राज्यपाल ने उस पेड़ का भी अवलोकन किया, जहां इस मठ के संस्थापक बाबा राजपुरी ने 450 वर्ष पूर्व तपस्या की थी। उन्होंने श्री सिद्ध समाधी तथा श्री श्री सिद्ध 1008 हिंगलान धुना का भी अवलोकन किया। बाबा दुजपुरी ने राज्यपाल को बाबालदाना के इस मठ का इतिहास व इसकी मान्यता के बारे में विस्तार से बताया। बाद में राज्यपाल ने हवन यज्ञ में भाग लेकर आहुति दी तथा भूमि पूजन की रस्म को भी पूरा किया। हवन यज्ञ की रस्म को पूरा करवाने में पंडित रामफल भारद्वाज, बलजीत व ओमप्रकाश भारद्वाज ने योगदान दिया।

गौ सेवा आयोग के अध्यक्ष श्री भानी राम मंगला ने राज्यपाल का स्वागत करते हुए कहा कि जिन गऊशालाओं में गऊओं की क्षमता 2 हजार से अधिक है, उन गऊशालाओं में बायो सीएनजी प्लांट लगाए जाएंगे। प्रदेश का पहला प्लांट गुरूग्राम में लगेगा। उन्होंने कहा कि गौ सेवा आयोग व प्रदेश

सरकार गाय के गोबर व गौ मूत्र का उपयोग करने के लिए योजनाएं बना रहा है। गऊशाला में गोबर व गौ मूत्र के उपले बनाकर श्मशान घाट में दिए जाएंगे, ताकि संस्कार में लकड़ी का उपयोग करने की बजाए, उपलों का उपयोग अधिक से अधिक हो। उन्होंने कहा कि ऐसी मशीने तैयार की गई है, जो गोबर से गमले बनाने के साथ-साथ गोबर के दीपक भी तैयार करेगी। ऐसे गमलों में पौधे लगाने से छोटे पौधे पोलीथीन में नही लगाने पड़ेंगे तथा पोलीथीन का उपयोग बंद होगा। उन्होंने कहा कि गऊशालाओं में छोटी बछियों के लिए अलग से वार्ड बनाए जाएंगे।

इस अवसर पर उपायुक्त श्रीमती सुनीता वर्मा, पुलिस अधीक्षक श्री सुमेर प्रताप सिंह, अतिरिक्त उपायुक्त कैप्टन शक्ति सिंह, एसडीएम कमलप्रीत कौर, डीएसपी सतीश गौतम, तहसीलदार राकेश कुमार, जिला विकास एवं पंचायत अधिकारी कंवर दमन सिंह, बीडीपीओ सुमित कुमार, राव सुरेंद्र सिंह, सरदार सरजीत सिंह, सतीश हजवाना उपस्थित रहे।




!! जय बाबा राजपुरी जी महाराज !!
बाबा राजपुरी जी
की आधारशिला




राजपुरी जी महाराज !!
सरकार


!! जय बाबा राजपुरी जी महाराज !!




!! जय बाबा राजपुरी जी महाराज !!
सिद्ध हिंगलाज बाबा राजपुरी
सोलंकी








!! जय बाबा राजपुरी जी महाराज !!
सिद्ध हिंगलाज बाबा राजपुरी जी महाराज


!! जय बाबा राजपुरी जी महाराज !!
हिंगलाज बाबा राजपुरी






















मठ बाबा लदाना गौशाला
की
आधारशिला
महामहीम श्री कप्तान सिंह सोलंकी
माननीय राज्यपाल, हरियाणा सरकार
के कर कमलों द्वारा
श्री भानी राम मंगला
चेयरमैन गऊसेवा आयोग, हरियाणा
एवं
महन्त श्री दूजपुरी जी महाराज
के सान्निध्य में
रविवार, दिनांक 15.10.2017
को रखी गई।


मठ बाबा लदाना गौशाला
की
आधारशिला
महामहीम श्री कप्तान सिंह सोलंकी
के कर कमलों द्वारा
श्री भानी राम मंगला
एवं
महन्त श्री दूजपुरी जी महाराज
रविवार, दिनांक 15.10.2017


हिंगलाज माता की
श्री 1008 बाबा ॐ राजपुरी जी महाराज


जय हिंगलाज माता की
श्री श्री 1008 बाबा ॐ राजपुरी जी महाराज






भगवान श्री आदि शंकराचार्य










श्री दूज पुरी जी महाराज, मठ-बाबा